






नवभारत

सतना, शनिवार 11 अप्रैल, 2026




# अतिक्रमण हटाने को लेकर शुरू हुई सियासत, विरोध के चलते थमी कार्यवाही

## कार्यवाही का विरोध करने पहुंचे सेमरिया विधायक, कई दिन से दुकानदार हटा रहे सामान, कई दुकानदार बैठे धरने पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक अमहिया मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है. जिसको लेकर नापजोख के बाद 165 अतिक्रमण चिन्हित किये गये, जिसमें दुकान और मकान शामिल है. अतिक्रमण को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है.**

शुक्रवार की सुबह सुपर स्पेशलिटी के सामने जेसीबी चलनी थी लेकिन कांग्रेस नेता व्यापारियों के साथ पहुंचे और विरोध शुरू कर दिया. जिसके चलते कार्यवाही नही हो पाई. पिछले चार दिन से लोग खुद अपना अतिक्रमण तोड़ रहे थे और कुछ लोग विरोध कर रहे थे लेकिन शुक्रवार को सेमरिया विधायक अभय मिश्रा अपने समर्थको के साथ




पहुंचे और कार्यवाही का विरोध करते हुए कहा कि यह गरीब व्यापारियों का दमन है. उन्होने कार्यवाही को पक्षपात पूर्ण बताया और भाजपा सरकार पर सवाल भी उठाया. कई दुकानदार सफारी होटल के पास धरने में बैठ गये, जिसके कारण कार्यवाही नही हो पाई. नगर निगम और प्रशासन की पूरी तैयारी शुक्रवार को थी, पूरी मशीनरी भी तैयार थी. लेकिन विरोध के कारण फिलहाल कार्यवाही थम गई है. मौके पर एसडीएम सहित पुलिसबल मौजूद रहा. सड़क चौड़ीकरण में सिरमौर चौराहे से अमहिया नाला तक 18 मीटर और अमहिया नाला से गल्ला मंडी तक 12 एवं 15 मीटर और उसके बाद अस्पताल चौराहा तक 18 मीटर सड़क चौड़ी की जानी है. कई दिनो से दुकानदार अपनी दुकान खाली करने में लगे है और आज विरोध स्वरूप सड़क पर उतरे. उधर हुजूर एसडीएम डा. अनुराग तिवारी का कहना है कि 165 अतिक्रमण चिन्हित किये गये थे. पांच लोगो के पास पट्टे है जिनके लिये विकल्प देखा जाएगा. लेकिन जो अतिक्रमणकारी है उनके लिये फिलहाल कोई विकल्प नही है.

### चार दिन बाद जागे कांग्रेस नेता

सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रशासन कर रहा है. 165 अतिक्रमणकारी चिन्हित किये गये है जिनमें से अधिकांश खुद अपना अतिक्रमण हटा रहे है और कई अतिक्रमण बुधवार को तोड़ा गया. चार दिन तक कांग्रेस नेताओं को दुकानदारो की चिंता नही हुई और शुक्रवार को विरोध करने पहुंच गये. पूर्व मंत्री पी.सी शर्मा कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ अतिक्रमण स्थल पहुंचे और व्यापारियों से चर्चा की और साथ में खड़े रहने का आश्वासन दिया. इसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम को पत्र सौंप कर गरीब व्यापारियों की दुकान गिराए जाने का विरोध किया गया और कहा कि कई दुकानदारो के पास स्थाई पट्टा है, उन्हे मुआवजा दिया जाय.

# सुपर अस्पताल में एक्स-रे फिल्म खत्म होने से मरीजों की हो रही फजीहत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, विंध्य का इकलौत सुपर अस्पताल भी धीरे-धीरे बीमार होने लगा है. दूरदराज से लोग यहा इलाज के लिये आते है लेकिन अब अस्पताल में एक्स-रे फिल्म तक नही है. पहले ही सप्लायर ने अल्टीमेटम दे दिया था लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही की. लिहाजा अब मरीजो को अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है.**

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से प्रस्ताव डीन के यहा भेजा गया था लेकिन अभी तक आर्डर नही हुआ. एक्सरे फिल्म बहुत जरूरी है लेकिन इसे उपलब्ध कराने में डीन कार्यालय भी उदासीनता बरत रहा है. बेहतर सुविधा और व्यवस्था देने के बाद भी कुप्रबंधन के चलते मरीजो की फजीहत हो रही है. इसमें सबसे बड़ी लापरवाही डीन की सामने आ रही है. जिनके द्वारा प्रस्ताव मिलने के बाद भी रूचि नही दिखाई गई. सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एक्सरे विभाग में फिल्म नहीं है. मरीजों को मोबाइल फोन पर फोटो खींच कर रिपोर्ट दी जा रही है. फिलहाल फिल्म की व्यवस्था जल्द होना भी मुश्किल है. इसके पीछे वजह यह है कि सप्लायर ने फिल्म देने से हाथ खड़ा का दिया है. इसकी जानकारी प्रबंधन और डीन को पहले से थी लेकिन कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई. अब यही लापरवाही भारी पड़ रही है. सप्लायर ने फिल्म महंगी होने का हवाला दिया है. अब नए सिरे से कोटेशन मंगाना होगा और आर्डर देना पड़ेगा, इसमें लंबा समय लग जाएगा.

जिनके पास स्मार्ट फोन है और वह चलान जानते हैं. उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था तो राहत दे रही है लेकिन जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं है. उन्हें जांच के लिए परेशान होना पड़ रहा है. डॉक्टरों को भी मोबाइल में रिपोर्ट देखने में परेशानी उठानी पड़ रही है. संजय गांधी अस्पताल में भी इसके पहले इस तरह की दिक्कत आई थी. जिस तरह से व्यवस्था चल रही है उससे नही लगता कि रीवा मेडिकल हब बनकर तैयार होगा.

### एक्स-रे फिल्म की जानकारी भेजी गई थी

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डा. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है मरीजों को मोबाइल पर फोटो खींचकर रिपोर्ट दी जा रही है. एक्सरे फिल्म खत्म होने की जानकारी और डिमांड डीन आफिस भेज दी गई है, वहीं से आर्डर होना है.

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री 18 को करेंगे समीक्षा

**रीवा,** मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जल गंगा और संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें घोषित

**रीवा,** जिले के विभिन्न नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित की गई हैं. श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन इंदौर के पत्र और मध्यप्रदेश असाधारण राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुक्रम में कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा एक अप्रैल 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक की अवधि के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित न्यूनतम वेतन की दरें प्रभावी करने का आदेश जारी किया गया है. यह पुनरीक्षण अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि के आधार पर किया गया है, जिसमें जुलाई से दिसंबर 2025 की छमाही के दौरान औसत सूचकांक 425 रहा, जो पिछली छमाही के औसत 414 से 11 बिंदु अधिक है. नवीन दरों के अनुसार 67 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत अकुशल श्रमिकों का कुल मासिक वेतन 12425 रुपये (प्रतिदिन 478 रुपये) तय किया गया है. इसी प्रकार अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 13421 रुपये मासिक (516 रुपये प्रतिदिन), कुशल श्रमिकों के लिए 15144 रुपये मासिक (582 रुपये प्रतिदिन) और उच्च कुशल श्रमिकों के लिए 16769 रुपये मासिक (645 रुपये प्रतिदिन) की दरें निर्धारित की गई हैं.

### बाल विवाह कराने पर सजा और एक लाख का जुर्माना

**रीवा,** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है. आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर होने वाले आयोजनों पर प्रशासन की पैनी नजर है और बाल विवाह की पहचान कर उसे रोकने के लिए पूरी तरह अलर्ट पर है. कानूनन 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि एक अपराध है. बाल विवाह जैसी गंभीर कुरीति को दूर करने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू है, जिसके अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना या प्रोत्साहन देना गैरकानूनी है. इस कानून के उल्लंघन पर दोषियों को 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं का प्रावधान है. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गैर-सरकारी संगठनों और विवाह से जुड़े विभिन्न घटकों जैसे विवाह घर संचालकों, बैंडदल, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई और केटरर्स से अपील की है कि वे बाल विवाह न होने देने को प्राथमिकता दें और संभव हो तो विवाह संबंधी कार्य लेने से पूर्व वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र अवश्य देख लें.

### ज्ञापन 13 को सौंपा जाएगा

**रीवा,** ओबीसी महासभा के तत्वाधान में ओबीसी की विभिन्न समस्याओं को लेकर 13 अप्रैल को शाम 4:00 बजे जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन सोपा जाएगा. जिला अध्यक्ष छोटेलाल रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से ओबीसी वर्ग के अधिकारों सामाजिक न्याय एवं विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा. अत: ओबीसी महासभा जिला रीवा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं एवं समाज के सम्मानित नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो.

### थाने में हुई वाहनों की नीलामी

**रीवा,** रीवा शहर के सिविल लाइन थाने में वर्षों पूर्व जप्त वाहनों के राजसात होने के बाद आज नीलामी प्रक्रिया के तहत बोली लगाकर बिक्री की गई है. यह नीलामी प्रक्रिया शहर के सिविल लाइन थाना परिसर में ही सम्पन्न कराई गई, जिस दौरान 39 स्क्रैप वाहनों की 43 हजार से शुरु हुई बोली 85 हजार में जाकर खत्म हुई है. बता दें कि नीलामी प्रक्रिया को अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला और थाना प्रभारी विजय सिंह के द्वारा सम्पन्न कराई गई है, जिसमें 4 खरीददार नीलामी प्रक्रिया में शामिल हुये थे. शहर के सिविल लाइन थाना परिसर में वर्षों से खड़े स्क्रैप में तब्दील हो चुके दो पहिया वाहनों की नीलामी कराई गई. पूर्व में दी गई सूचना के बाद आज हुई नीलामी प्रक्रिया में कुल 4 खरीददार बोली लगाने के लिये नीलामी में शामिल हुये. कुल 39 वाहनों के लिये 43 हजार की राशि तय की गई थी जिसके बाद से बोली की शुरूआत तो काफी सीधी नजर आई, लेकिन धीरे धीरे बोली लगाने वालों नें अपनी रूचि दिखाई और 43 हजार से शुरु हुई बोली सीधे 85 हजार पर जामकर खत्म हुई है. बताया गया कि 39 स्क्रैप वाहनों के लिये 85 हजार की अंतिम बोली लखन बंसल के द्वारा लगाई गई है. इसी तरह रीवा के सिटी कोतवाली में वाहनों की नीलामी हुई. 42 वाहनों की लगी बोली, 13 लोग शामिल हुए. 75 हजार में 40 टूव्हीलर वाहन, 45 सौ में आटो और 3 हजार में आपचे बाइक नीलाम हुई. रीवा शहर के अलग अलग थानों में वर्षों पूर्व जप्त वाहनों के राजसात होने के बाद आज नीलामी प्रक्रिया के तहत बोली लगाकर बिक्री की गई है. सिटी कोतवाली थाने में नीलामी के दौरान 40 टू व्हीलर वाहनों की बोली 68 हजार 300 सौ से शुरू हुई जो 75 हजार में जाकर खत्म हुई है. इसी तरह एक ऑटो की 45 सौ में और अपाचे बाइक 3 हजार में खरीदी गयी.

# ई-विकास प्रणाली से खाद का विक्रय न करने पर दो विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, जिले में किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ई-विकास प्रणाली लागू की गई है.**

एक अप्रैल से खाद का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से अनिवार्य किया गया था, लेकिन इसके बावजूद दो खाद विक्रेताओं द्वारा बिना इस प्रणाली के खाद का विक्रय किया. इस लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए उपसंचालक कृषि यूपी बागरी ने मेसर्स माधव ट्रेडिंग कंपनी चाकघाट और मेसर्स कुशवाहा खाद बीज भण्डार बैकुण्ठपुर के खुदरा खाद विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं. आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर की गई इस कार्रवाई के तहत संबंधित विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों को सीज करने और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश उर्वरक निरीक्षक को दिए गए हैं.

निलंबन अवधि के दौरान इन प्रतिष्ठानों में खाद का किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. कृषि विभाग ने सभी खाद विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी है कि वे केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक बेचना सुनिश्चित करें. साथ ही किसानों से भी यह अपील की गई है कि वे ई-विकास प्रणाली के जरिए टोकन बुक करके ही खाद खरीदें, ताकि उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध हो सके.



# आगामी माह में खोले जाएंगे 501 हनुमान चालीसा केंद्र: डॉ. चंदेल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यालय का शुभारंभ पड़रा में हुआ. वही कार्यकर्ताओं की बैठक भी सम्पन्न हुई. जहा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया. राष्ट्रीय मंत्री डा. एल.बी सिंह चंदेल एवं विंध्य प्रदेश अध्यक्ष पं. संजय त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया.**

डा. एलबी सिंह चंदेल राष्ट्रीय मंत्री इंडिया हेल्पलाइन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के विषय को विस्तार से बताया एवं सभी कार्यकर्ताओं को आगामी माह में 501 हनुमान चालीसा केंद्र खोलने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया. साथ ही आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई. ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने का आवाहन किया गया. बैठक में आगामी कार्य योजना संगठन विस्तार एवं संगठन श्रेणिकरण को लेकर के विस्तार से योजना बनाई गई.

विंध्य प्रदेश के अध्यक्ष पं. संजय त्रिपाठी ने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विंध्य क्षेत्र में संगठन का विस्तार किया जाना है और इसमें युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी. बैठक में विपिन द्विवेदी प्रांत मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल श्रीमती रश्मि सिंह प्रांत महामंत्री राष्ट्रीय महिला परिषद विभाग संगठन मंत्री रीवा सतना रूपेश गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी मौजूद रहे.



नगर निगम टाउन हॉल में हितग्राहियों को हितलाभ देते हुए मनगवां विधायक

# खेती के लिए एक-एक बूंद पानी सहेजने का दिलाया गया संकल्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम भलुही में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को भविष्य की खेती के लिए जल की एक-एक बूंद सहेजने का संकल्प दिलाया. उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु में ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियाँ न केवल पानी बचाती हैं, बल्कि पैदावार भी बढ़ाती हैं. उन्होंने किसानों से वर्षा जल संचयन की अपील करते हुए मृदा स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया और समझाइश दी कि नरवाई जलाना न केवल कानूनी अपराध है बल्कि यह धरती की उर्वरा शक्ति को भी नष्ट करता है. इसके स्थान पर उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन की बारीकियां समझाईं. इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामजी पांडेय सहित सपना पांडेय, प्राची शर्मा, प्रतीक्षा सिंह मौजूद रही.

# संकल्प से समाधान अभियान शिविर में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण के लिए नगर निगम के टाउन हॉल जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय निकाय के हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करते हुए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया. शिविर में जिले भर से बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जिससे पात्र हितग्राही को हितलाभ मिल सके. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है और प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है. नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है.इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि इस अभियान का क्रियान्वयन जिले में चार चरणों में किया गया. अभियान के तहत शिविर 12 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित किए गए, जिनमें 20 विभागों की 106 सेवाएं शामिल की गईं. कार्यक्रम में एसडीएम अनुराग तिवारी, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, संयुक्त संचालक अनिल दुबे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.

# मां खंधो देवी धाम में विकास कार्यों का महाजन ने किया लोकार्पण




नवभारत न्यूज

**गोविंदगढ़, 10 अप्रैल, गोविंदगढ़ स्थित माँ खंधो देवी धाम में विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया गया.**

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव एवं वरिष्ठ प्रचारक अभय महाजन के मुख्य अतिथि में लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ. जबकि अध्यक्षता गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने की. वही रीवा कमिश्नर बीएस जामोद एवं रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत मौजूद रहे. सबसे पहले विभिन्न निर्माण कार्यो का बैण्डबाजे की धुन के साथ लोकार्पण किया गया. मुख्य अतिथि अभय महाजन ने अपने उद्बोधन में निर्मला संजीव द्विवेदी (पिंटू) एवं वन समिति की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से धाम में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं. उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक कार्यों को पूरा सहयोग दिया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक नागेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र खंधो धाम के विकास में में कोई कमी नहीं आएगी समिति द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक प्रस्ताव को शासन-प्रशासन स्तर से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में वे पूर्ण सहयोग करेंगे. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव,सरपंच कल्पना देवेंद्र सिंह एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों अमिलकी, रौरा, हर्दी, दूबी, चुआ, पाती, सहिजना 02 के सरपंच गण, जनपद सदस्य सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे.

### संजीव द्विवेदी ने रखी रूपरेखा और अपनी मांगे

संजीव द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खंधों के विकास की रूप रेखा के साथ अपनी कई मांगे भी रखी. साथ ही बताया कि खंधो परिसर विकास के लिये मदन बैरिया ने 1 लाख, रजनीश चिकवा 11 हजार, सुरेन्द्र तिवारी 51 हजार, गोरेलाल गुप्ता ने एक लाख की राशि दी. सभी के प्रति आभार व्यक्त किया. आयोजक एवं जिला पंचायत वन समिति की सभापति श्रीमती निर्मला संजीव द्विवेदी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया.

### इनका हुआ लोकार्पण और शुभारंभ

समारोह के दौरान धाम के कुंड को वर्षभर जल से भरे रखने हेतु गोविंदगढ़ तालाब से बिछाई गई पाइपलाइन का शुभारंभ किया गया. साथ ही धाम परिसर में नवनिर्मित सत्संग सदन, कथा मंच एवं नवग्रह वाटिका में स्थापित फव्वारे का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया. जो धाम की सुंदरता को बढ़ाने आधुनिक आकर्षण रहेगा.



# बिना विंध्य की जीत के हम सरकार नहीं बना पाते इस लिए ज्यादा सीट लाने का प्रयास करें: शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अप्रैल, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी सी शर्मा अपने रीवा प्रवास पर कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात की.**

इस अवसर पर कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विंध्य से हमारा पुराना नाता हैं. यहां के प्रतिष्ठित नेता पूर्व मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं. उन्होने कहा कि विंध्य की माटी राजनेताओं को पैदा करती है और जो राजनीति यहां से प्रारंभ होती है उसका असर पूरे प्रदेश मे पडता हैं. उन्होने कहा कि बिना विंध्य की जीत के हम सरकार नही बना पाते हैं. अत: इस अवसर पर मैं कांग्रेस जनों से अपील करूंगा की इस बार के चुनाव मे सभी मतभेदों को भुलाकर ज्यादा से ज्यादा सीट विंध्य से लाने का प्रयास करें. उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसान विरोधी है, कांग्रेस के कड़े विरोध के कारण आज से खरीदी का काम प्रारंभ किया गया है. लेकिन अधिकांश जगहो में अभी भी खरीदी नही हो रही है. इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, अशोक पटेल झब्बू, महासचिव विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, विमलेन्द्र तिवारी, शिव प्रसाद प्रधान, सरदार प्रहलाद सिंह मौजूद रहे.